तीसरी राष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में श्वेता नेमा ने जीते एक साथ चार पदक

चर्चा में क्यों?

27-30 नवंबर तक वाराणसी स्थित डॉ. संपूर्णानांद संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल स्टेडियम में एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीसरी राष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश टीम की प्रतिभागी के तौर पर हिस्सा लेने वाली बौद्ध-भारतीय ज्ञानोदय अध्ययन विश्वविद्यालय की पीएचडी शोधकर्त्ता श्वेता नेमा ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित इस मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में श्वेता ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण, रेस वॉक में रजत और **400×4** रिले में कांस्य तथा **100×4** रिले दौड़ में दूसरा कांस्य पदक जीता।
- इस 4 दिवसीय तीसरी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देश भर से केवल 30 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों ने ही मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया।
- गौरतलब है कि श्वेता विश्वविद्यालय में योग और आयुर्वेद विभाग में पीएचडी शोधकर्त्ता हैं। श्वेता नेमा ने हाल ही में **SATI** कॉलेज, विदिशा में कछुए की मुद्रा में योग करने का गिनीज़ रिकॉर्ड बनाया था। श्वेता विदिशा और रायसेन के लोगों को मुफ्त योगासन का प्रशिक्षण देती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3rd-national-masters-championship